CLASS NOTES

Class: VIII	Topic: 16.वाक्य-विचार
Subject: HINDI	13.वाच्य **Worksheet(कार्यपत्रक)** 11.11.2021

अपनी व्याकरण पुस्तक में साफ और सुंदर अक्षरों में लिखें–

वाक्य-विचार

प्रश्न 1. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए -

(क) वाक्य शब्दों के सार्थक मेल से बनते हैं |

(ख) वाक्य के अंग उद्देश्य तथा विधेय हैं |

(ग) उद्देश्य के साथ विशेषण जुड़ने पर वह उद्देश्य का विस्तार कहलाता हैं |

(घ) वाक्य को अर्थ तथा रचना के आधार पर बाँटा गया है |

(ड)रचना के आधार पर वाक्य के तीन भेद- सरल वाक्य, संयुक्त वाक्य तथा मिश्र वाक्य है |

प्रश्न 2. उद्देश्य तथा विधेय अलग करके लिखिए--

(क) जया अपनी सखियों के साथ मेला देखने गई |

उत्तर- उद्देश्य - जया

विधेय - अपनी सखियों के साथ मेला देखने गई

(ख) पुलिस के आने से पहले ही चोर भाग गया |

उत्तर- उद्देश्य - चोर

विधेय - पुलिस के आने से पहले ही भाग गया

(ग) ममता की मूर्ति माँ ने रोते हुए बच्चे को गोद में उठा लिया |

उत्तर- उद्देश्य - ममता की मूर्ति माँ ने

विधेय - रोते हुए बच्चे को गोद में उठा लिया

(घ) बदलू को गाँव के सभी बच्चे काका कहते थे |

उत्तर- उद्देश्य - गाँव के सभी बच्चे

विधेय - बदलू को काका कहते थे

(ड) बादल,पर्वत,पंछी सभी भगवान के डाकिये हैं |

उत्तर- उद्देश्य - बादल,पर्वत,पंछी सभी

विधेय - भगवान के डाकिये हैं

प्रश्न 5 निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार परिवर्तित कीजिए--

(क) तुम बैठकर चाय पीओ | (संयुक्त वाक्य)

उत्तर- तुम बैठो और चाय पीओ |

(ख) जंगल में मोर नाचा, किसने देखा ? (मिश्र वाक्य)

उत्तर- जब जंगल में मोर नाचा, तब किसने देखा ?

(ग) काले बादल छाए और बरसात हो गई | (सरल वाक्य)

उत्तर- काले बादल छाते ही बरसात हो गई |

प्रश्न 6 निम्नलिखित वाक्यों का अर्थ के आधार पर वाक्य-भेद लिखिए–

(क) ईश्वर करे, मैं अव्वल आ जाऊँ |

उत्तर- इच्छावाचक वाक्य

(ख) ईश्वर तुम्हें दीर्घायु करे !

उत्तर- इच्छावाचक वाक्य

(ग) कल तुम कहाँ गए थे ?

उत्तर- प्रश्नवाचक वाक्य

(घ) आज मैं विद्यालय नहीं गया|

उत्तर- निषेधवाचक वाक्य

प्रश्न 7 निम्नलिखित वाक्यों को अर्थ के आधार पर निर्देशानुसार परिवर्तित कीजिए--

(क) राधा ने भोजन नहीं किया है | (प्रश्नवाचक)

उत्तर- क्या राधा ने भोजन नहीं किया है ?

(ख) वह कक्षा में प्रथम आया है | (विस्मयादिवाचक)

उत्तर- वाह! वह कक्षा में प्रथम आया है |

(ग) बादल गरज रहे हैं | (निषेधवाचक)

उत्तर- बादल गरज नहीं रहे हैं |

(घ) वर्षा होने पर फ़सल अच्छी होती है | (संकेतवाचक)

उत्तर- यदि वर्षा होती है, तो फ़सल अच्छी होती है |

वाच्य

प्रश्न 1. निम्नलिखित वाक्यों के उचित वाच्य-भेद लिखिए--

(क) दादी से बैठा नहीं जाता | भाववाच्य

(ख) धोबी कपड़े धोता है | कर्तृवाच्य

(ग) सभी से दौड़ा जाएगा | भाववाच्य

(घ) बच्चों द्वारा पतंगें उड़ाई जाएँगी | कर्मवाच्य

(ड) लेखक लिखता है | कर्तृवाच्य

(च) महात्मा बुद्ध ने शांति का पाठ पढ़ाया | कर्तृवाच्य

(छ) उससे सर्दियों में नहाया नहीं जा सकता | भाववाच्य

(ज) घोड़ा दौड़ता है | कर्तृवाच्य

प्रश्न 2. निम्नलिखित वाक्यों को कर्मवाच्य में बदलिए--

(क) रोहन कंप्यूटर पर शतरंज खेल रहा है |

उत्तर- रोहन के द्वारा कंप्यूटर पर शतरंज खेला जा रहा है |

(ख) आकाश पत्र लिखता है |

उत्तर- आकाश के द्वारा पत्र लिखा जाता है |

(ग) चाँदनी ने गुड़िया खरीदी |

उत्तर- चाँदनी के द्वारा गुड़िया खरीदी गई

(घ) बालक ने फूल तोड़े |

उत्तर- बालक के द्वारा फूल तोड़े गए |

(ङ) सुरेंद्र ने पुस्तक पढ़ी |

उत्तर- सुरेंद्र के द्वारा पुस्तक पढ़ी गई |

(च) अमित पतंग उड़ा रहा है |

उत्तर- अमित के द्वारा पतंग उड़ाया जा रहा है |

(छ) शिल्पकार मूर्ति गढ़ता है |

उत्तर- शिल्पकार के द्वारा मूर्ति गढ़ी जाती है |

(ज) एम. एफ. हुसैन ने चित्र बनाया |

उत्तर- एम. एफ. हुसैन के द्वारा चित्र बनाया गया |

प्रश्न 3. निम्नलिखित वाक्यों को भाववाच्य में बदलिए--

(क) आओ, अब दौड़े |

उत्तर- आओ, अब दौड़ा जाए |

(ख) वह उठ नहीं सकती |

उत्तर- उससे उठा नहीं जाता |

(ग) रोगी बैठ नहीं पाता |

उत्तर- रोगी से बैठा नहीं जाता |

(घ) बच्चे यहाँ नहीं सो सकते |

उत्तर- बच्चों से यहाँ नहीं सोया जाता |

(ङ) प्रतीक दौड़ नहीं पाया |

उत्तर- प्रतीक से दौड़ा नहीं गया |

प्रश्न 4. निम्नलिखित वाक्यों को कर्तृवाच्य में बदलिए--

(क) श्रेया से लिखा नहीं जाता |

उत्तर- श्रेया नहीं लिखती |

(ख) राधिका द्वारा मधुर गीत गाया गया |

उत्तर- राधिका ने मधुर गीत गाया |

(ग) डॉक्टर द्वारा रोगियों की जाँच की गई |

उत्तर- डॉक्टर ने रोगियों की जाँच की |

(घ) सरकस में जोकर द्वारा लोगों को हँसाया जाता है |

उत्तर- सरकस में जोकर लोगों को हँसाता है |

(ङ) नौकरानी से बच्चे को सुलाया जा रहा है |

उत्तर- नौकरानी बच्चे को सुला रही है |

Worksheet(कार्यपत्रक)

केवल अभ्यास करने हेतु--

1. सदियों से कहानी कौन सुनाती आ रही है ?

(अ) बूढ़ी दादी

(ब) बूढ़ी नानी

(स) पड़ोसिन

(द) कोई नहीं

2. रेलवे स्टेशन पर क्या है ?

(अ) रेलगाड़ियों का ताँता

(ब) यात्रियों की भीड़

(स) ढेर सारा सामान

(द) इनमें से कोई नहीं

3. कहानी का कौन-सा हिस्सा कहा जाएगा ?

(अ) बीच का भाग

(ब) संदेश का भाग यानी शिक्षाप्रद हिस्सा

(स) पहला भाग

(द) आखिरी हिस्सा

4. अंतरिक्ष के पार लोग क्यों गए थे ?

(अ) घूमने

(ब) कुछ नए कार्य करने

(स) नई जानकारियाँ प्राप्त करने

(द) इनमें से कोई नहीं

5. साधु से क्या पूछना चाहिए ?

(अ) जाति

(ब) धर्म

(स) ज्ञान

(द) वाणी

6. कबीर किसके मोल करने की बात कह रहे हैं ?

(अ) ज्ञान

(ब) म्यान

(स) तलवार

(द) जाति

7. हाथ में हम क्या जाप करते हैं ?

(अ) दाना

(ब) मूर्ति

(स) माला

(द) राजा

8. कबीर किसकी निंदा न करने की सीख देते हैं ?

(अ) पड़ोसियों

(ब) मित्रों की

(स) कमज़ोर लोगों की

(द) जानवरों की

9. आखिर ये मोटे-मोटे किस काम के हैं? ऐसा किन्हें कहा गया है?

(अ) नौकरों को

(ब) पड़ोसियों को

(स) घर के बच्चों को

(द) जानवरों को

10. बच्चों को काम करवाने के लिए क्या लालच दिया गया ?

(अ) वेतन का

(ब) नए कपड़ों का

(स) दावत में ले जाने का

(द) कहीं दूर घुमाने ले जाने का

11. बच्चों ने कहाँ झाड़ू लगाने का फ़ैसला किया ?

(अ) घर में

(ब) आँगन में

(स) घर के बाहर

(स) उपर्युक्त सभी

12. नौकरों ने प्रति बच्चों को नहलाने के लिए किस हिसाब से पैसे लिए ?

(अ) आठ आने

(ब) चार आने

(स) बारह आने

(द) सोलह आने

13. निम्न में से सरल वाक्य का चयन कीजिए–

(अ) अशोक पढ़ता है |

(ब) यौवन वह काल है जब चरित्र का निर्माण होता है |

(स) यदि नहीं करोगे तो मरोगे |

(द) आश्चर्य है! कि वह हार गया |

14. 'जैसा बोओगे वैसा काटोगे' यह वाक्य इनमें से किस प्रकार का है ?

(अ) संयुक्त वाक्य

(ब) संदेहवाचक वाक्य

(स) मिश्र वाक्य

(द) सरल वाक्य

15. निम्नलिखित में से वाक्य प्रकार का चयन कीजिए |

"राहुल ने मेहनत की होती तो अवश्य अच्छा परिणाम मिलता"

(अ) संकेतवाचक

(ब) संदेहवाचक

(स) इच्छावाचक

(द) विस्मयवाचक

16. मिश्र वाक्य को सरल वाक्य में बदलिए :

"जो कवि लोकप्रिय होता है,उसका सम्मान सभी करते हैं |"

(अ) लोकप्रिय कवि का सम्मान सभी करते हैं |

(ब) लोकप्रिय कवि का सम्मान करना चाहिए |

(स) लोकप्रिय कवि को सम्मानित सभी के द्वारा करते हैं |

(द) लोकप्रिय कवि जो होता है उसका सभी सम्मान करते हैं |

17. ‘रमा नहीं खाएगी|’ वाक्य का भाववाच्य में रूपांतरण होगा-

(अ) रमा से खाया नहीं जाएगा |

(ब) रमा खाएगी |

(स) रमा खा नहीं सकती |

(द) रमा द्वारा खाया जाता है |

18. कर्तृवाच्य में क्रिया होती है–

(अ) अकर्मक

(ब) सकर्मक

(स) अकर्मक तथा सकर्मक दोनों

(द) उपरोक्त कोई नहीं

19. “पुलिस के द्वारा चोर पकड़ा गया |” वाक्य में वाच्य है–

(अ) कर्मवाच्य

(ब) अकर्तृवाच्य

(स) कर्तृवाच्य

(द) भाववाच्य

20. खल का विलोम शब्द क्या है ?

(अ) मूर्ख

(ब) सज्जन

(स) अक्लमंद

(द) दुर्जन

21. कक्षा में आज सभी बच्चे उपस्थित हैं, कोई ------- नहीं है|उचित विलोम शब्द से वाक्य पूरा करें |

(अ) अनुपस्थित

(ब) गैरहाजिर

(स) अनुत्तीर्ण

(द) संन्यासी

22. “चर्म-चरम” युग्म का उपयुक्त अर्थ वाला युग्म कौन-सा होगा ?

(अ) भंवरा-जल

(ब) नदी-मित्र

(स) चमड़ा-अंतिम

(द) केकड़ा-बंदर

23. “अलि-अली” का सही अर्थ देने वाला शब्द युग्म है–

(अ) सखी-भौंरा

(ब) भौंरा-सखी

(स) भौंरा-कली

(द) कली-सखी

24. “जरा और ज़रा” का अर्थ है–

(अ) त्रिभुज और घेरा

(ब) सुंदर और कुरूप

(स) बुढ़ापा और थोड़ा-सा

(द) कीमत और जड़
25. "जो भूमि उपजाऊ हो" उस भूमि में फसल अच्छी होती है |उद्धरण चिह्न वाक्यांश के लिए एक शब्द का चयन कीजिए– (अ) ऊर्वर (ब) मुमुक्षु (स) बंजर (द) सहचर
26. दूरदर्शी - (अ) जिसमें शक्ति न हो (ब) जो कुछ जानता हो (स) जो दूर की सोचे (द) जो दूर की न सोचे
प्रश्न 1. इस वर्ष की दीपावली पर आपने गर्व महसूस किया | कारण बताते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए |
प्रश्न 2. छुट्टियों में किसी कारणवश छात्रावास से घर ना जा सकने के लिए माँ को पत्र लिखिए |
प्रश्न 3. आपसे अनजाने में कोई भूल हो गई है |अपनी बड़ी बहन को स्पष्टीकरण देते हुए पश्चाताप भरा पत्र लिखिए |
प्रश्न 4. खेलों का महत्त्व समझाते हुए अपने छोटे भाई को पत्र लिखिए |
प्रश्न 5. बिना सोचे-समझे किए गए कार्य गलत परिणाम देते हैं | कहानी 'कामचोर' कहानी के आधार पर अपने विचार व्यक्त कीजिए |
प्रश्न 6. 'कबीर की साखियाँ' पाठ के आधार पर सिद्ध कीजिए कि कबीर की शिक्षाएँ वर्तमान में भी प्रासंगिक हैं ?
प्रश्न 7. यह सबसे कठिन समय है या नहीं |इसके पक्ष-विपक्ष में अपने विचार व्यक्त कीजिए |

यह पाठ्य सामाग्री घर पर ही तैयार की गई है |